आकाशवाणी श्री विजयपुरम

21.11.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री ने बिहार के वैशाली जिले में लगभग चौतीस हजार चार सौ सत्तर करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
2. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित पाँचवें कौशल दीक्षांत समारोह में उपराज्यपाल ने प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न से सम्मानित किया।
3. सत्तावनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में आज 'क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' के छठे संस्करण का उद्घाटन किया गया।
4. राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस के अवसर पर परमवीर चक्र स्मारक पर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

<><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने वैशाली में परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। ये परियोजनाएं सड़क संपर्क, ऊर्जा, शहरी बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, जल संसाधन और परिवहन क्षेत्रों की हैं जिनसे राज्य में बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने गंगा नदी पर बने छह लेन का नीतीश सेतु राष्ट्र को समर्पित किया। लगभग चार हजार दो सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत वाला उन्नीस किलोमीटर से अधिक लंबा यह पुल पटना जिले की कच्ची दरगाह को वैशाली के बिदुपुर से जोड़ता है। इससे महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर यातायात कम होने, यात्रा का समय घटने और उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवाजाही बेहतर होने की उम्मीद है।

<><><><><><><><><>

डॉलीगंज स्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज पाँचवें कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के कौशल, तकनीकी शिक्षा और व्यवसायिक प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करना तथा प्रशिक्षित युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए सम्मानित करना है। इस समारोह में द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि तथा सांसद बिष्णु पद रे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्वेता के सुगथन और स्वास्थ्य सचिव वंदना राव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न ट्रेडों के परियोजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही, मेधावी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने कहा कि संस्थान में रिक्त सीटों से ज्यादा प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आते हैं।

उपराज्यपाल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि कौशल उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ–साथ अवसरों का निर्माण भी करता है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि यहां के बच्चों में तकनीकी ज्ञान बहुत है, जिससे वे अपने कौशल का विकास कर द्वीपसमूह का गौरव बढ़ा सकते हैं। इस दौरान लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया।

<><><><><><><><><>

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा कार्यान्वित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल 'क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' के छठे संस्करण का आज सत्तावनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के हिस्से के रूप में कला अकादमी, गोवा में उद्घाटन किया गया। यह पहल देश भर से एक सौ युवा रचनात्मक प्रतिभाओं को एक साथ लाती है, जो उन्हें सहयोग करने, अपने कौशल का प्रदर्शन करने और उद्योग का अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। उद्घाटन समारोह में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी यहाँ इसलिए उपस्थित है क्योंकि उन्होंने पहले ही अपनी पहचान बना ली है, और अगले अड़तालीस घंटे उन्हें उस प्रतिभा को एक फिल्म में बदलने का अवसर

प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि जड़ें संस्कृति, भाषा और अनुभवों से जुड़ी होती हैं, जबकि सपने कल्पना, जिज्ञासा और कुछ नया करने के साहस से उत्पन्न होते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से अपनी जड़ों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया, लेकिन साथ ही अपनी कहानियों के दायरे को सीमित न रखने को कहा। 2026 के इस समूह में फिल्म निर्माण की 13 विधाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 प्रतिभागी शामिल हैं।

<><><><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मरीना पार्क स्थित परमवीर चक्र स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, एनसीसी (आर्मी) लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार साहू ने सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित किए। इस दौरान केवी–1 के सेकंड ऑफिसर सुनील और पीआई स्टाफ सीएचएम सुरिंदर सिंह ने भी परमवीर चक्र विजेताओं को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट कैप्टन असीम कुमार भट्टाचार्य का भी स्मरण किया गया। लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार साहू ने युवाओं में राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। व्याख्यान में एनसीसी कैडेटों के लिए उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों, बोनस अंकों, कल्याणकारी योजनाओं, प्रोत्साहनों और अन्य लाभों पर भी प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कॉलेज स्टूडेंट काउंसिल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। यह शपथ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने दिलाई। उन्होंने नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व, सत्यनिष्ठा और संस्थागत गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर बल देते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों को छात्रों के कल्याण और महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए कार्य करने को कहा।

<><><><><><><><><>

देश में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत नौ महीने से भी कम समय में एक करोड़ से अधिक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस –एच पी वी वैक्सीन की खुराक दी गई हैं। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि अभियान के अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य का लगभग सत्तासी प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया गया है। राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर चौदह वर्षीय लड़कियों को एचपीवी का निशुल्क सुरक्षित एकल खुराक वाला टीका लगाया जा रहा है।

<><><><><><><><><>